an>

Title: Need to commence Kendriya Vidyalaya in Bharva-sumerpur in Hamirpur Parliamentary Constituency.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): महोदया, आपने बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि पूरे उत्तर प्रदेश में केवल एक केन्द्रीय विद्यालय दिया। माननीय जावडेकर जी यहाँ बैठे हुए हैं, वह विद्यालय मेरे संसदीय क्षेत्र में दिया गया है। भारत सरकार और मंत्री जी ने विद्यालय दे दिया है और हमीरपुर के भरूआ-सुमेरपुर में उनको किराये पर भवन भी उपलब्ध हो गया है। 31 जुलाई के बाद एडमिशन नहीं होंगे, लेकिन भवन मिलने के बाद भी वे उस विद्यालय को शुरू नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारी वहाँ पर आपस में पत्राचार करके उस मामले को लटकाये हुए हैं और चाहते हैं कि विद्यालय इस वर्ष शुरू न हो पाये।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वहाँ किराये पर भवन उपलब्ध है, तत्काल भरूआ-सुमेरपुर का केन्द्रीय विद्यालय प्रारम्भ कराया जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।